भारत सरकार

ग्रामीण विकास मंत्रालय

ग्रामीण विकास विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1578

(01 अगस्त, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए)

सिक्किम में एसपीएमआरएम के तहत निधि का आवंटन

1578. श्री दोरजी त्शेरिंग लेप्चा:

क्या **ग्रामीण विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले तीन वर्षों में सिक्किम में श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन (एसपीएमआरएम) के अंतर्गत ग्रामीण अवसंरचना परियोजनाओं के लिए कुल कितनी निधि आवंटित और जारी की गई है;

(ख) सिक्किम में एसपीएमआरएम के अंतर्गत विकसित ग्रामीण क्लस्टरों की जिलेवार संख्या कितनी है;

(ग) क्या सरकार ने इस योजना के कार्यान्वयन में , विशेष रूप से भूस्खलन प्रभावित जिलों में, किसी चुनौती की पहचान की है; और

(घ) आपदा प्रवण क्षेत्रों में ग्रामीण अवसंरचना विकास में तेजी लाने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

ग्रामीण विकास राज्य मंत्री

(श्री कमलेश पासवान)

(क) सिक्किम में एसपीएमआरएम के अंतर्गत कुल 14.835 करोड़ रुपये जारी किए गए। वर्षवार ब्यौरा नीचे दिया गया है:

क्र. सं.	वर्ष	जारी की गई राशि (रुपये करोड़ में)
1	2022-23	14.835
2	2023-24	-
3.	2024-25	-

श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन (एसपीएमआरएम) की समाप्ति की तिथि 31 मार्च, 2022 है। इसके अलावा, इस योजना के तहत कोई निधि आवंटित नहीं की गई है।

(ख) से (घ) सिक्किम राज्य में एसपीएमआरएम के अंतर्गत तीन ग्रामीण क्लस्टर बनाए गए हैं, पाकयोंग, नामची और सोरेंग में प्रत्येक ज़िले में एक-एक क्लस्टर बना बुआ है। क्लस्टर के अंतर्गत सभी बुनियादी अवसंरचना परियोजनाएँ सफलतापूर्वक पूरी कर ली गई हैं और एसपीएमआरएम के अंतर्गत कोई भी बुनियादी अवसंरचना विकास परियोजना आपदा से प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित नहीं हुई है।

*****